# विंध्या अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : सीधी की धरा में इटली, मुंबई और तमिलनाडु के आएंगे कलाकार

## वैष्णवी गार्डन सीधी में आज से शुरू होगा सिनेमा और संस्कृति के अनूठे संगम में देश-विदेश के कलाकार एवं अतिथियों की उपस्थिति में होगा ऐतिहासिक आयोजन

नवभारत न्यूज


**सीधी 28 जनवरी। विंध्या अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आयोजन में सीधी की धरा में इटली, मुंबई और तमिलनाडु के कलाकार आयेंगे। वैष्णवी गार्डन सीधी में गुरूवार 29 जनवरी से शुरू हो रहे सिनेमा और संस्कृति के अनूठे संगम में देश-विदेश के कलाकार एवं अतिथियों की उपस्थिति में ऐतिहासिक आयोजन होगा।**

महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और देश-विदेश से आमंत्रित फिल्मकार, कलाकार व सिनेप्रेमी सीधी पहुंचने लगे हैं। महोत्सव का उद्घाटन समारोह गुरूवार को प्रात: 11 बजे आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में प्रवेश पूरी तरह से नि:शुल्क है। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर, कामना पाठक, संदीप श्रीधर, महोत्सव संरक्षक इंजी.आर.बी. सिंह एवं डॉ.अनूप मिश्रा और महोत्सव के सहयोगी और शहर के गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। फिल्म महोत्सव के निर्देशक प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि महोत्सव में भाग लेने के लिए इटली, मुंबई तथा तमिलनाडु से आए फिल्म निर्माताओं का सीधी आगमन शुरू हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय अतिथि के रूप में स्टेफानो रोसेटी इटली, मुंबई से इंद्रमोहन सिंह एवं सतीश बादल, तमिलनाडु से संपत कुमार सुब्रमणियन एवं प्रभा केए तथा भोपाल से अविनाश कुमार एवं आशीष बैठारी महोत्सव में शिरकत करेंगे। महोत्सव के सह-निर्देशक नीरज कुंदेर ने जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म महोत्सव के दौरान सिनेमा के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और कारीगरी को भी विशेष स्थान दिया गया है। परिसर में मिट्टी और लकड़ी से बने हस्तशिल्प स्टॉल, विरासत महुआ आधारित खाद्य उत्पाद तथा अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के सौन्दर्य उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं।

विंध्या अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की विशेषता यह है कि यह एक दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र में आयोजित होने वाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है जहां सिनेमा के माध्यम से स्थानीय परम्पराओं और वैश्विक सिने-दृष्टि के बीच संवाद स्थापित किया जाता है। उद्घाटन समारोह के पश्चात फिल्म स्क्रीनिंग की शुरुआत की जाएगी। महोत्सव के दौरान फिल्म प्रदर्शन, निर्देशक-अभिनेता संवाद, पैनल चर्चाएं, संगीत जामिंग नाइट एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव न केवल सिनेमा को नए दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है बल्कि सीधी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिने-मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है।








### फिल्म महोत्सव की टीम को शुभकामनाएं : गोविन्द



फिल्म अभिनेता गोविंद नामदेव ने अपने संदेश में कहा है कि विंध्या अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की पूरी टीम को हृदय से बहुत-बहुत साधुवाद और शुभकामनाएं। यह बहुत गर्व का विषय है कि सीधी में विंध्या अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का सातवां संस्करण वैष्णवी गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। मैं कामना करता हूं कि यह फिल्म महोत्सव नई-नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

### फिल्म महोत्सव के 7वें संस्करण में स्वागत है : डॉ.अनूप



विंध्या अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के संरक्षक डॉ.अनूप मिश्रा ने कहा है कि 29, 30 एवं 31 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन होटल अक्षत रेसीडेंसी वैष्णवी गार्डन में हो रहा है। महोत्सव में देश-विदेश के फिल्ममेकर, कलाकार शिरकत करेंगे। महोत्सव में देश-विदेश की मशहूर फिल्में, ट्राईबल फिल्में एवं शार्ट फिल्में प्रदर्शित होंगी। कलाकारों का उत्साहवर्धन करने के लिये ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचे और फिल्मों का लुत्फ उठायें।

# भागवत कथा की अनुक्रमणिका श्रवण का अद्भुत फल : पं.बाला व्यंकटेश

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 जनवरी। पूजा पार्क सीधी में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पूर्णाहुति दिवस में कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज वृंदावनोपासक का भगतगणों ने माल्यार्पण के माध्यम से स्वागत और व्यास पीठ की पूजा अर्चना सम्पन्न हुई।**



यह सार्वजनिक कथा के अध्यक्ष कुमुदिनी सिंह, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा, सचिव डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार, अंजनी सिंह सौरभ आदि पदाधिकारियों ने सभी पत्रकार साथियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किये तथा उपस्थित भक्तों हेतु धन्यवाद दिये। कथा श्रवण करने विशिष्ट जन सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, सीधी विधायक रीती पाठक, मऊगंज विधायक सुरेन्द्र सिंह बन्ना, पूर्व मंत्री कमलेश्वर द्विवेदी, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, दिलीप मिश्रा सतना, देवकुमार सिंह चौहान अध्यक्ष भाजपा, लालमणि सिंह पूर्व साडा अध्यक्ष, संतोष सिंह संविदाकार, के.के.तिवारी, इन्द्रशरण सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह दादू, अजय प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह मुन्नू, श्रीमती पूनम सोनी, भोला प्रसाद गुप्ता पधारे। नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल राजभान जी, बाबा मडरिया तथा दानबहादुर सिंह का नाम विशेष उल्लेखनीय रहा। कथा प्रसंग में व्यास जी ने कहा कि जिसने सात दिन तक कथा का श्रवण नही किया वह यदि अंतिम दिवस श्रीमद्भागवत की अनुक्रमणिका का श्रवण निष्ठा पूर्वक करले तो पूरे भागवत का फल प्राप्त होता है। अंत में श्री कृष्ण रसामृत समिति के पदाधिकारियों ने भण्डारा एवं प्रसाद वितरण किया।

# कांग्रेस की अहम बैठकें, संगठन सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 जनवरी। जिला समन्वय समिति की बैठक, जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक एवं विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर कांग्रेस भवन में अलग-अलग सत्रों में संपन्न हुई।**



बैठकों में संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने की। सभी बैठकों में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसका संगठन और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करें तथा जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी को जनसंघर्षों के माध्यम से आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना होगा और सरकार की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करना होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों में सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों और ब्लॉक इकाइयों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। जिसमें जनहित से जुड़े आंदोलन, संगठनात्मक विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

# इंटरसिटी स्टॉपेज को लेकर रेल पटरी पर बैठे आंदोलनकारी, 4 घंटे बाद व्यवस्था हुई बहाल

नवभारत न्यूज

**कुसमी 28 जनवरी। इंटरसिटी ट्रेन के स्थायी स्टॉपेज एवं शंकरपुर-भदौरा रेलवे स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को भदौरा रेलवे स्टेशन के समीप रेल रोको, जेल भरो आंदोलन शुरू किया गया। यह आंदोलन समाजसेवी आनंद सिंह ददुआ के नेतृत्व में शुरू हुआ।**



इस जनआंदोलन के दौरान आक्रोशित लोगों ने एक मालगाड़ी को भी रोक दिया। देखते ही देखते हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, युवा और बुजुर्ग रेल की पटरियों पर बैठ गए और विरोध दर्ज कराने लगे। सुबह से ही स्टेशन क्षेत्र में भारी भीड़ जुटने लगी थी। आंदोलनकारियों का कहना था कि अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि लिखित आदेश और ठोस कार्रवाई चाहिए। आनंद सिंह ददुआ ने कहा कि वर्षों से इंटरसिटी स्टॉपेज, स्टेशन मास्टर की पदस्थापना और पैसेंजर ट्रेनों की बहाली की मांग की जा रही है लेकिन हर बार रेल प्रशासन ने जनता की अनदेखी की। रेल संघर्ष समिति ने बताया कि कोरोना काल में बंद की गई चार पैसेंजर ट्रेनें आज तक बहाल नहीं हुई। जिससे गंभीर मरीजों छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को जबलपुर, रीवा और अन्य बड़े शहरों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह केवल रेल सुविधा का मुद्दा नहीं बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़ा सवाल है। रेल रोको आंदोलन की सूचना मिलते ही रेलवे और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और अधिकारियों द्वारा रेल यातायात व्यवस्था को बहाल करने के उद्देश्य से आंदोलन के ही दौरान कई बार आंदोलनकारियों को रेल पटरी से हटने की बात कही गयी लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और उनकी मांग थी की लिखित आश्वासन के बाद ही हम लोग आंदोलन को समाप्त करेंगे और अंतत: पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा द्वारा पत्र के माध्यम से शंकरपुर भदौरा स्टेशन मे गाड़ी संख्या 11651/52 इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव संबंधी प्रस्ताव की प्रक्रिया पूर्ण कर 30 दिनों के भीतर रेल्वे बोर्ड को भेज देने और रेल्वे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करने का लिखित आश्वासन दिया गया जिसके बाद आंदोलनकारी आंदोलन को समाप्त किये जिसके बाद रेल यातायात व्यवस्था बहाल हो सका। आंदोलन के वजह से हावड़ा से जबलपुर की ओर जाने वाली शक्तिकुंज एक्सप्रेस और कटनी से बरगवां की ओर जाने वाली ट्रेन 4 घंटे देर से चल सकीं वहीं कई मालगाड़ियों के भी पहिये थमे रहे। सर्वदलीय आंदोलन में आनंद सिंह ददुआ, जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह, उमेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शेषमणि पनिका, उमेश तिवारी, रणमत सिंह, तिलकराज सिंह उइके, करुणासिंध परौहा, शालिक द्विवेदी, मोनी प्रजापति, विकास नारायण तिवारी, डॉ.रामधार साहू, श्रीकांत शुक्ला, इंद्रपाल शुक्ला, संजीव गुप्ता, रामजी जायसवाल, मोहन जायसवाल सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# सीधी सीमेंट वर्क्स में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मना

नवभारत न्यूज

**बघवार 28 जनवरी। सीधी सीमेंट वर्क्स में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह, गरिमा एवं पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया गया। यह भव्य समारोह प्रशासनिक भवन के प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड बी.पी.सग्गू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।**



ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। जिसमें उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिए। इसके उपरांत यूनिट हेड बी.पी.सग्गू ने कर्मचारी संबंध एवं प्रशासन विभाग प्रमुख दिनेश शर्मा के साथ परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर यूनिट हेड श्री सग्गू ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में संगठन की उपलब्धियों, अनुशासन, सुरक्षा एवं टीमवर्क के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। परेड टुकड़ियों द्वारा ष्भारत माता की जय के जयघोष के साथ गन फायर कर सलामी दी गई, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

समारोह के दौरान संस्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यूनिट हेड द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति एवं संगठनात्मक एकता के संदेश के साथ हुआ। जिसने सभी उपस्थित जनों को गर्व और प्रेरणा से भर दिया।




# अधिवक्ता न्याय दान के साथ देश व समाज की सेवा भी करें : अजय

नवभारत न्यूज

**सीधी 28 जनवरी। जिला अधिवक्ता संघ सीधी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष तथा चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल रहे। अध्यक्षता जिला न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पी.एल.दिनकर ने की।**

इस अवसर पर समस्त न्यायाधीश गण, शासकीय अधिवक्ता गण, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुएए नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अधिवक्तागण न्याय दान के साथ-साथ देश व समाज की भी उत्कृष्ट सेवा करेंगे। श्री राहुल ने चुटकी लेते हुए संघ अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह को समझाइए दी कि वह अब आगे युवा पीढ़ी को संघ का नेतृत्व करने के लिए अवसर प्रदान करें। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल, उपाध्यक्ष युनुस सिद्दीकी, सह सचिव प्रदीप सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रोहिणी पटेल, पुस्तकाध्यक्ष भारत भूषण सहित कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, विद्याकांत मिश्रा, विष्णु बहादुर सिंह शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सोमेश्वर सिंह तथा आभार कार्यकारिणी सदस्य विष्णु बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संघ पदाधिकारियों, वरिष्ठ पूर्व संघ अध्यक्ष चंद्रमोहन गुप्ता, लालमणि सिंह चौहान, राजेन्द्र बहादुर सिंह चौहान, मदन प्रताप सिंह चंदेल, शासकीय अधिवक्ता सुखेंद्र द्विवेदी, अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता श्रीमती श्रद्धा सिंह, पूर्व शासकीय अतिरिक्त वरिष्ठ अधिवक्तागण, तहसील स्तरीय अधिवक्ता संघ मझौली के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गौतम, चुरहट के अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय आदि ने अजय सिंह राहुल तथा प्रधान न्यायाधीश श्री दिनकर का माल्यार्पण से स्वागत किया।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर जिले भर में धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण

## शैक्षणिक संस्थानों, राजनैतिक दलों के कार्यालयों में आयोजित हुआ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम









नवभारत न्यूज

**सीधी 28 जनवरी। जिले भर में 77वें गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित हुये। शैक्षणिक संस्थानों, राजनैतिक दलों के कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।**

**गणेश स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस-** श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ भव्य रूप से मनाया गया। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे संस्था के चेयरमैन एम.पी.शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए देशभक्तों और महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय के निदेशक नीरज शर्मा ने भारतीय संविधान की विशेषताओं एवं नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**कांग्रेस कार्यालय-** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय, जवाहर भवन सीधी में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर राष्ट्रगान गाया गया तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारत के संविधान की शक्ति, उसकी विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान का सम्मान करते हुए देश में एकता, भाईचारा और समृद्धि की कामना करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सेवादल अध्यक्ष अरविंद सिंह रोशन द्वारा किया गया। पूरे आयोजन में देशभक्ति का वातावरण बना रहा और कांग्रेसजनों ने संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

**सरस्वती हाईस्कूल कोटहा-** सरस्वती हाईस्कूल कोटहा सीधी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.सच्चिदानंद तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गायत्री गुप्ता एवं संजय सोनी की उपस्थिति रही। अतिथियों के उद्बोधन के बाद आजादी के जश्न में डूबे नन्हे बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। देशभक्ति से ओतप्रोत झांकी नन्हें-मुन्हे बच्चों ने प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अमर सिंह चंदेल, उदयनाथ योगी, सतेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती अर्चना तिवारी, श्रीमती आकांक्षा शुक्ला, श्रीमती स्मृति मिश्रा, सुश्री ज्योति सिंह समेत समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**आदर्श सरस्वती हा.से.-** 77वां गणतंत्र दिवस पर पूर्व विधायक तिलक राज सिंह के मुख्य आतिथ्य, युवराज सिंह सरपंच ग्राम पंचायत निवास की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि एड.सुरेश द्विवेद्वी की उपस्थित में आदर्श सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल निवास में ध्वजारोहण हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण रिटायर्ड शिक्षक नरोत्तम दास गुप्ता, उपसरपंच पापल राजबहोर साहू, रमेश द्विवेदी, राकेश सोनी, पूर्व सरपंच नगरी रामसाचे दुबे, कामता सोनी राजबहोर गुप्ता, पवन साहू, राम निहोर साहू, सेक्रेड स्कूल के संचालक इंजी.अवनीश दुबे, गौरी शंकर पाठक, राज अग्रहरि के साथ विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप गुप्ता, व्यवस्थापक कमलेश गुप्ता, प्रधानाचार्य रविशंकर शुक्ल, शिक्षक आलोक शुक्ला, आदर्श नामदेव, प्रहलाद सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक शंकर नाथ गोस्वामी द्वारा किया गया।

### क्षत्रिय महासंघ ने मनाया गणतंत्र दिवस



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं द्वारा 26 जनवरी को सुकवारी ग्राम स्थित सरकारी विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह ध्वजारोहण किया गया तथा विद्यालय के बच्चों को लगभग 20 किलो लड्डू वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की अध्यक्ष सोनम सिंह चौहान, उपाध्यक्ष भारती सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नीलम सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष शालिनी सिंह चौहान, महासचिव नम्रता सिंह बघेल, महासचिव शिला सिंह चौहान एवं महासचिव संगीता सिंह चौहान की विशेष उपस्थिति रही।